तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13.5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 21 फरवरी, 2025



11 कैलाशपुर में भव्य कलश यात्रा के साथ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू, सात दिन चलेगा कार्यक्रम





12 तेज आंधी के साथ हल्की बरसात, फसलों को तीन एमएम की डोज, तापमान में मामूली गिरावट





dk Realestate A name you can trust it.
DK Real Estate
सुनहरा अवसर
लेकर आया है आपके लिए रेवाड़ी की प्राइम लोकेशन नया बस स्टैण्ड व मैट्रो स्टेशन के पास
आप सभी के लिए
100 गज का प्लाट मात्र
1 लाख में* लक्की ड्रा के तहत
Website : www.dkrealestate.co.in
Dinesh Kumar dkrealestaterewari DK Real Estate
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें।
9467141575


पीडब्ल्यूडी बी एंड आर विभाग की ओर से बावल चौक से लियो चौक तक बनाया जा रहा सीसी रोड

# सरकुलर रोड पर बिगड़ रही ट्रैफिक व्यवस्था तोड़ी गई सड़क के आगे लगी रेहड़ियां

■ डायवर्ट रूट का कम इस्तेमाल कर रहे वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सरकुलर रोड के सड़क निर्माण के चलते यातायात बाधित होने से अव्यवस्था फैल रही है। लोक निर्माण विभाग की ओर से पहले चरण में बावल चौक से लियो चौक तक नई सड़क बनाई जा रही है। सरकुलर रोड पर लंबे समय से भारी-भरकम गड्ढों के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। मार्च के लास्ट तक दोनों तरफ की सड़क का निर्माण पूरा होने की संभावना है। सड़क निर्माण के चलते प्रशासन की ओर से सरकुलर रोड से रेहड़ियों को नहीं हटाया गया है। रेहड़ी वाले तोड़ी गई सड़क से आगे आकर दुकानदारी कर रहे है, जिससे कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। इसके अलावा अंबेडकर चौक के पास ऑटो चालक बीच सड़क में सवारियों भर रहे है, जिससे यातायात बाधित हो रहा है। हालांकि पुलिस प्रशासन ने अग्रसेन चौक, बावल चौक व महाराणा प्रताप चौक के पास बेरिकेड लगाकर पुलिसकर्मी तैनात किए हुए है, लेकिन वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण बार-बार जाम की स्थिति बन रही है। वाहन चालक डायवर्ट रूट का कम ही इस्तेमाल कर रहे है। जल्दी निकलने के चक्कर में निर्माणाधीन सड़क के मार्ग पर बाधा बन रहे है।

सड़क निर्माण को लेकर ट्रैफिक पुलिस की ओर से रूट डायवर्ट किया गया है। ट्रैफिक पुलिस की ओर से रूट डायवर्ट करने के लिए बावल चौक, महाराणा प्रताप, ब्रास मार्केट मोड व अंबेडकर चौक बैरिकेड लगाकर वाहनों को वैकल्पिक रास्ते से भेजा जा रहा है। नाईवाली चौक की तरफ से आने वाले वाहनों को ब्रह्मगढ़ के सामने से ब्रास मार्केट की तरफ डायवर्ट किया गया है ताकि दिल्ली की तरफ जाने वाले वाहन बावल रोड से होते हुए बाइपास व पायलेट चौक से अपने रूट की ओर जा सकें। धारूहेड़ा चुंगी ओर से आने वाले वाहनों को अंबेडकर चौक से गढ़ी बोलनी रोड की तरफ डायवर्ट किया गया है। नाईवाली चौक से धारूहेड़ा जाने वाले वाहन रेलवे चौक व झज्जर चौक होते हुए जा रहे हैं।



रेवाड़ी। अंबेडकर चौक पर तोड़ी गई सड़क के आगे लगी रेहड़ियां।

बीच सड़क सवारी भर रहे ऑटो



रेवाड़ी। अंबेडकर चौक पर निकलने के रास्ते में सवारी भरते ऑटो।



रेवाड़ी। सरकुलर रोड पर लियो चौक की तरफ सड़क पर लगी रेहड़ियां।

### सड़क निर्माण से बढ़ी जाम की समस्या

सरकुलर रोड पर सड़क निर्माण कार्य के चलते शहर में नाईवाली चौक से भाड़ावास रोड व अंबेडकर चौक से लियो चौक तक यातायात व्यवस्था ज्यादा खराब हो रही है। ट्रैफिक पुलिस को यातायात व्यवस्था सुचारू करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। वाहन चालक वैकल्पिक मार्ग न अपना कर शहर से गुजर रहे है। कंपनी की बसें भी अपनी मनमर्जी की जगह खड़ी होकर कर्मचारियों को उतारने व चढ़ाने का काम कर रही है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था और भी बिगड़ रही है।

## स्वामी धर्मानंद की याद में शांति निकेतन आश्रम में कार्यक्रम 3 मार्च से

नाहड़। खंड नाहड़ के गांव गुर्जरवास स्थित शांति निकेतन आश्रम में स्वामी धर्मानंद सरस्वती महाराज की याद में 4 मार्च को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अखंड रामायण पाठ तथा मेले का आयोजन भी होगा। सरपंच कृष्ण कुमार, स्वामी धर्मानंद सरस्वती कमेटी के प्रधान हरीश नंबरदार, सुंदर सिंह, रिंकू पहलवान व गुरदयाल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में संतों के अलावा नाहड़, गुर्जरवास, लुखी बिसोहा, गांवड़ी, गढ़ी, कोहारड़, भड़ंगी व नयागांव से हजारों की तादाद में श्रद्धालु बाबा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। 3 मार्च को पंडित रामेश्वर कोहारड़ व गोविंद शर्मा नाहड़ 11 ब्राह्मणों सहित रामायण का अखंड पाठ करेंगे। 4 मार्च को अखंड पाठ के समापन पर हवन करके श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया जाएगा। स्वामी धर्मानंद सरस्वती ने आश्रम में करीब 20 वर्ष तक सेवाएं दी तथा 4 मार्च 2008 को चोला त्याग कर प्रभु के चरणों में लीन हो गए थे।


RAJ INTERNATIONAL SCHOOL
Air Conditioned Campus
14 YEARS OF SUCCESS
WALK-IN INTERVIEW
On 23rd Feb. 2025 (Sunday) 10:00 am to 2:00 pm
Applications are invited from responsible, professional and competent candidates proficient in IT skills and fluent in English.
PGTs — English, Hindi, Mathematics, Accountancy, Social Studies, Psychology & Computer Science
TGTs — English, Mathematics, Science & Hindi
PRTs — English, Mathematics & EVS
MOTHER TEACHER — Pre Nursery to Grade 2
ADMINISTRATIVE POST — Admission Counsellor, HR Head, IT Head, Activity Incharge, Sports HODs, Computer Operator, Computer & Science Lab Incharge.
SUPPORTING STAFF — House-Keeping Incharge, Electrician, Drivers & Transport Incharge
Salary is commensurate with the candidate's qualifications and experience. Excellent career progression. Interested candidates may send their updated resumes with recent photographs to: risvacancies@gmail.com
The post applied should be mentioned in the subject line of the mail.
LEO CHOWK, SECTOR 5, REWARI
Website: www.risrewari.com, For Enquiry: 8053166601, 7027747624



Reg. No. 123 !! जय बाबा गोपाल दास की !! Estd. 1999
S.K.G. SR. SEC. SCHOOL BHAKLI
Fully SELF Speak English Like the English Smart
Admission Open Session 2025-26
10th RESULT 2023-24: Ronak Mundahera 488/500 (97.6%); Navya Sadat Nagar 485/500 (97%); Kirti Jhal 484/500 (96.8%)
12th RESULT 2023-24: Nipun Nilaheri 488/500 (97.6%); Payal Bhurawas 487/500 (97.4%); Mahak Gujarwas 482/500 (96.4%)
JEE MAINS Result 2025 97.72 %tile
4th POSITION IN HARYANA
1st POSITION IN DISTRICT (10th Class)
NDA Written Qualifier
Sahil S/o Satpal Mundahera
NEET RESULT 2024
676/720 SAKSHI D/o Rajesh Kumar Bhakli-II Kalpana Chawla GMC Karnal
662/720 RICHA YADAV D/o Pardeep Kumar Lookhi BKMC CHANDAULI (UP)
CSEET (ICSI) Qualifier
Arti D/o Sushil Sudhrana
Kashish D/o Naveen Kosli
Competitive Excellence: NEET 16+ | JEE 27+ | NDA 18+ | CA FOUNDATION 14+ | CSEET 2+ | & Many More....
SCHOLARSHIP-CUM-ADMISSION TEST
ON 23 Feb. 2025 (Sunday)
At School Campus
Timing : 10 am to 11 am
Classes : 2nd to 12th
To Apply Online — Scan QR Code
Scholarship up to ₹ 10 Lakh
*Terms and Conditions Apply
New Launching
Sarthak Batches (9th to 12th)
(For NEET, JEE, NDA)
◆ Learn From Our Newly Recruited, Top-tier Experienced Faculty
◆ Individual Doubt Clearing
◆ Test Series & Performance Tracking
Director : Mr. Shyam Singh
Mob. 9991223394, 9991281798
Website: www.skgbhakli.edu.in

रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चों, बालभूमि में ही हमने तुम्हें दुनिया के कुछ अनोखी डॉल्स म्यूजियम्स के बारे में बताया था। अब हम तुम्हें दुनिया के अलग-अलग देशों की मशहूर डॉल्स के बारे में बता रहे हैं। ये डॉल्स न सिर्फ अपने देश में प्रसिद्ध हैं, बल्कि पूरी दुनिया के बच्चे इन्हें खूब पसंद करते हैं।

# मन को लुभाती प्यारी-अनोखी डॉल्स



बच्चों, आज भले ही वीडियो गेम्स और अन्य तरह-तरह के गेम्स की वजहों से बच्चे गुड़ियों से कम खेलते हों, लेकिन जब भी उनकी नजर किसी प्यारी और अनोखी डॉल पर पड़ती है तो वे इसे पाने के लिए मचल उठते हैं। इसके साथ मजे से खेलते हैं।

## गुड़ियों की कैसे हुई शुरुआत

गुड़ियों को बनाने की शुरुआत सबसे पहले प्राचीन यूनान (अब ग्रीस) और मिस्र (अब इजिप्ट) में हुई। इसके बाद दुनिया के बहुत से देशों ने अपनी संस्कृति और समाज की परंपराओं, मान्यताओं, रीति-रिवाजों और आस्थाओं के आधार पर तरह-तरह की गुड़ियां बनानी शुरू कीं। आओ, जानते हैं दुनिया की कुछ मशहूर और अनोखी डॉल्स के बारे में-

## रूस की मैट्रियोश्का डॉल्स

इन डॉल्स को, नेस्टिंग डॉल या स्टेकिंग डॉल के नाम से भी जाना जाता है। इन्हें पहली बार बनाने का श्रेय यूलिया बेरेजनित्स्काइया को जाता है। लकड़ी की बनी ये डॉल्स सिंगल नहीं, ग्रुप्स में होती हैं। इन्हें इस तरह बनाया जाता है कि एक के भीतर एक डॉल रखी जा सके। इन्हें खोलकर भीतर से एक से छोटी दूसरी, उससे छोटी तीसरी, इसी प्रकार कई डॉल्स निकाली जा सकती हैं। इस तरह गुड़ियों का एक छोटा-सा परिवार बन जाता है। इन डॉल्स की संख्या 3 से 10 तक होती है, एक के भीतर एक। एक मैट्रियोश्का में 51 गुड़ियों का विश्व रिकॉर्ड भी बन चुका है। इन डॉल्स को 'बाबुश्का' की तरह बनाया जाता है। बच्चों, 'बाबुश्का' शब्द का मतलब है 'बूढ़ी औरत' या 'दादी'। बेहद प्यारी दिखने वाली डॉल मैट्रियोश्का की पोशाक परंपरागत रूसी कृषक महिलाओं जैसी होती है।

## ग्वाटेमाला की वरी डॉल्स

ऐसा कहा जाता है कि अगर कोई इंसान चिंताओं से घिरा रहता है, तो वरी डॉल उसे राहत पहुंचाती है। ग्वाटेमाला की यह गुड़िया, घर में उपलब्ध सामग्रियों से बनाई जा सकती है। इसे अकसर रद्दी कपड़ों, पतली छड़ियों, सींक, तार, धागे आदि की सहायता से बनाया जाता है। इसे बनाने का कोई निश्चित तरीका नहीं है। कई अलग-अलग तरीके से विभिन्न आकार-प्रकार की 'वरी डॉल्स' बनाई जाती हैं। यह डॉल्स प्रायः बच्चों के लिए ही बनाई जाती हैं, ताकि वे रात में आराम से सो सकें। माना जाता है कि तकिए या बिस्तर के पास इस डॉल को रखने से बच्चों को परेशान करने वाली चिंताएं और बुरे सपने गुड़िया में चले जाते हैं, जिससे बच्चों को रात में अच्छी नींद आती है। असल में बच्चों को अपने साथ किसी के होने का एहसास होता है। स्वाभाविक सी बात है, इससे बच्चे अपने आपको सिक्योर फील करते हैं।



ग्वाटेमाला की वरी डॉल्स

## जापान की कोकेशी डॉल्स

आमतौर पर जापानी गुड़िया के नाम से जानी जाने वाली कॉकेशी डॉल्स ज्यादातर लंबी होती हैं।



इसके हाथ, पैर अलग से नहीं बनाए जाते। बस ऊपर गोल सिर होता है। जापान के अलग-अलग प्रांतों में बनने और मिलने वाली कोकेशी डॉल्स के चेहरे का आकार, डिजाइन और शैली प्रांत के कल्चर के हिसाब से अलग-अलग होती है। यहां स्त्री, पुरुष और बच्चों की आकृतियों वाले कोकेशी डॉल्स मिलते हैं।

## अफ्रीका की नब्देले डॉल्स

नब्देले या नेबेले डॉल का नाम दक्षिण अफ्रीकी जनजाति के छोटे कद के लोगों से लिया गया है। ये



गुड़िया रंग-बिरंगी होती हैं, इन पर मोतियों की कारीगरी भी की जाती है। नब्देले डॉल्स अलग-अलग शैलियों में बनाई जाती हैं। प्रत्येक का एक अलग अर्थ है। कुछ का उपयोग दूसरी दुनिया की शक्तियों से सुरक्षा के लिए किया जाता है। इनमें से कुछ ऐसी डॉल्स होती हैं, जो नई दुल्हन को उपहार स्वरूप दी जाती हैं। इन्हें एक शुभ शगुन के रूप में देखा जाता है। *

### बार्बीः सबसे पॉपुलर डॉल



बच्चों, तुम सब की चहेती बार्बी डॉल का निर्माण अमेरिका की बिजनेस वूमन रूथ हैंडलर ने 1959 में किया था। उनका यही उद्देश्य था कि छोटी बच्चियां, इन्हें देखकर अपने सुंदर भविष्य की कल्पना करें। पहली बार्बी डॉल ने चमकीले लाल होंठों के साथ एक स्मार्ट काले और सफेद धारीदार छोटी पोशाक पहनी थी, जो हॉलीवुड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो से इंस्पायर थी। धीरे-धीरे बार्बी डॉल्स लोगों, खासकर बच्चों के बीच पॉपुलर होने लगी। आज बार्बी दुनिया की सबसे अधिक पसंद की जाने वाली डॉल है।

---

आओ जानें / कमलेंद्र कुमार श्रीवास्तव

# सड़क के किनारे पेड़ क्यों लगाए जाते हैं?

बच्चों, जब तुम सड़क मार्ग से यात्रा करते हो, तो तुम्हें सड़क के दोनों किनारों पर पेड़ नजर आते होंगे। राजमार्ग यानी नेशनल हाईवे से यात्रा करने के दौरान सड़क के बीचों-बीच डिवाइडर पर भी विभिन्न प्रकार के छोटे पौधे लगे दिखते हैं। क्या तुम जानते हो, सड़क के किनारे या सड़क के बीचों-बीच इस तरह से पेड़ क्यों लगाए जाते हैं? जानो, इसकी खास वजह।



**वाहनों का शोर करते हैं कंट्रोलः** वाहनों के इंजन, हॉर्न की आवाजें सबको अप्रिय लगती हैं, ये ध्वनि प्रदूषण को बढ़ाती हैं। सड़क के किनारे या बीच में लगे पेड़, वाहनों की इस आवाज को अवशोषित कर लेते हैं। इस तरह शोर की मात्रा पर काफी कंट्रोल करते हैं। इसके अलावा वाहनों से निकलने वाले धुएं में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर पेड़-पौधे, ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं, जिससे हमारा वातावरण शुद्ध होता है।

**कहलाते हैं ग्रीन मफलरः** ऐसे पेड़-पौधे, जो सड़क के किनारे या बीचों-बीच लगाए जाते हैं, उनको 'ग्रीन मफलर' कहते हैं। 'मफलर' का अर्थ है शोर को कम करना। दरअसल, ऑटोमोबाइल वाहनों में एक ऐसा यंत्र होता है, जो इंजन द्वारा उत्पन्न ध्वनि को कम करता है, उसे मफलर कहते हैं। अब चूंकि पेड़-पौधे भी वाहनों से निकलने वाली ध्वनियों को कम करते हैं, इसलिए इनको 'ग्रीन मफलर' कहते हैं।

**यात्रियों को मिलती है छाया-शीतलताः** सड़क के किनारे लगे पेड़, यात्रियों को छाया और शीतलता भी प्रदान करते हैं। सड़क के डिवाइडर के बीच में छोटे-छोटे पौधे लगाने का भी यही कारण है। रात को जब वाहन डिपर का प्रयोग करते हैं तो ये पेड़, प्रकाश का अवशोषण कर लेते हैं और सामने से आ रहे वाहन चालक की आंखों में पड़ने वाली चमक को भी हल्का कर देते हैं। इसके अलावा खास बात यह है कि हरा रंग, हमारी आंखों को आराम देता है। इस वजह से हरियाली के कारण सड़क यात्रा के दौरान चालक और यात्रियों की थकावट कम हो जाती है और उनको आराम मिलता है। पेड़-पौधों की हरियाली से सड़कें खूबसूरत दिखती हैं। *

---

कविता / दिशा ग्रोवर

## खेलें छुपन-छुपाई



गोल है सूरज, चंदा गोल
एक-दूजे के बने विलोम।
भेदभाव पर कभी न करते
धरा के ये साथी अनमोल।
घमंड कभी सूरज न करता
रोशन सारे जग को करता।
धरती के मस्तक को जैसे
हर संध्या टीका है करता।
चंदा भी विनम्र बड़ा है,
पहरे पर हर रात खड़ा है।
जितनी भी दे सूर्य रोशनी
खुशी-खुशी से घटा-बढ़ा है।
चंदा-सूरज, हैं परछाई
नहीं, न करते कभी लड़ाई।
रात और दिन बांटे ऐसे,
जैसे खेलें छुपन-छुपाई।

---

तुम्हारे लिए नई किताब

# मीठी-मीठी सात कहानियां

बच्चों, कुछ समय पहले ही कहानियों की एक नई किताब 'कार्टून फिल्म का कमाल' छपकर आई है। इसमें कुल सात कहानियां हैं। सातों कहानियां बहुत मीठी-मीठी हैं। मीठी इसलिए क्योंकि ये मनोरंजन तो करती ही हैं, सीख भी देती हैं। 'अनूठी दोस्ती' क्रिकेट खेलने के शौकीन बच्चे अग्रिम की कहानी है, जिसे किताबें पढ़ना अच्छा नहीं लगता। लेकिन फिर अग्रिम की दीदी कैसे किताबों से उसकी दोस्ती करवा देती है, यह इस कहानी में पढ़ सकते हो। कुछ इसी तरह पढ़ने और किताबों के महत्व को बताती है, संकलन की आखिरी कहानी 'दीदी की कविता।' 'कार्टून फिल्म का कमाल' एक ही क्लास में पढ़ने वाले अनंत और संवेदन की कहानी है, जो दौड़ प्रतियोगिता में फर्स्ट आने के लिए गलत तरीका अपनाने की सोचते हैं। फिर कैसे एक कार्टून फिल्म देखकर संवेदन और उसके दोस्तों का मन बदलता है, इसे बहुत सरल ढंग से इस कहानी में बताया गया है। 'फर्स्ट आने का सीक्रेट' कहानी में तुम पढ़ सकते हो कि एग्जाम में अच्छे मार्क्स लाने के लिए हैंड राइटिंग का अच्छा होना कितना जरूरी है! फास्ट फूड खाने से क्या परेशानियां हो सकती हैं, इसे तुम 'सुधर गया अंकित' कहानी में पढ़ सकते हो। 'अलादीन का चिराग' नन्ही गुनगुन की कहानी है, जो बहुत अनोखे ढंग से अपने मम्मी-पापा की आपसी नाराजगी को दूर कर देती है। 'शैतानी का पिटारा' नटखट नीशु और उसके छोटे भाई ईशु की कहानी है। नीशु अपने भाई को प्यार तो बहुत करता है लेकिन उसे परेशान भी करता है। कैसे उसकी यह आदत छूटती है, इसे जानने के लिए तुम्हें यह कहानी पढ़नी होगी। *





-विज्ञान भूषण

**किताबः** कार्टून फिल्म का कमाल, **लेखिकाः** आरती 'आस्था'
**मूल्यः** 149 रुपए, **प्रकाशकः** सर्वभाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली

---

## जीके क्विज-142

1. हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ चार हजार रन बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी कौन बने हैं?
2. पिछले दिनों राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप का खिताब किसने जीता?
3. दिल्ली की नई मुख्यमंत्री कौन बनी हैं?
4. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किस अधिनियम को 'काला बिल' कहा गया?
5. अपने देश में वर्ष का सबसे छोटा दिन कब होता है?
6. 'मालगुडी डेज' पुस्तक के राइटर कौन हैं?
7. रिकेट्स नामक रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
8. सूर्य में कौन-सी गैस सर्वाधिक मात्रा में पाई जाती है?
9. हीटर का तार किस मिश्र धातु का बना होता है?
10. भारत द्वारा प्रक्षेपित पहले कृत्रिम उपग्रह का क्या नाम था?



बच्चों, जीके क्विज-142 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-141 का उत्तर :** 1.भारतीय जनता पार्टी, 2.रवींद्र जडेजा, 3.अर्जेंटीना, 4.बृहस्पति, 5.वर्द्धमान, 6.राजेंद्र प्रसाद, 7.हरा, 8.एंटोनी वॉन ल्यूवेनहॉक, 9.सिक्किम, 10.जय प्रकाश नारायण

**जीके क्विज-141 का सही उत्तर देने वाले :** मनीष-रायपुर, कबीर-हिसार, ज्योति-रायगढ़, मान्या-दिल्ली, रोहित-हिसार, अंजना-बिलासपुर, साकेत-महासमुंद, सृष्टि-बलोद, नवीन-दुर्ग, पीयूष-बलौदा बाजार, अंकित-रोहतक

---

कहानी
सिराज अहमद

घोड़े को यह बात जरा भी रास नहीं आई कि वह जहां घास चरता है, वहीं पर भैंस भी घास खाए। उसने भैंस के सामने अपनी शक्ति प्रदर्शित करनी चाही, लेकिन भैंस ने जो कर दिखाया, घोड़ा देखता रह गया। ऐसा क्या करिश्मा किया भैंस ने जो घोड़े की शक्ति फिस्स हो गई?

# घोड़ा और भैंस



जहां घोड़ा घास चरता था, आज वहां पर एक भैंस भी आ गई थी। यह देखकर घोड़ा तमतमा उठा। वह सोच रहा था कि जिस मैदान पर उसका एकछत्र राज हुआ करता था, उस पर अब इस भैंस की भी हिस्सेदारी होगी। गुस्से में घोड़े के नथुने फूल उठे। सिर गरम होने लगा। टप–टप, टप–टप चलता हुआ, भैंस के पास पहुंचकर उसने कड़क आवाज में पूछा, 'तुम यहां कैसे?'

भैंस के गले में घंटी बंधी थी। जैसे ही उसने सिर उठाया, घंटी बज उठी। घोड़े को देखकर उसे कोई आश्चर्य नहीं हुआ। उसने एक नजर घोड़े पर डाली, फिर घास चरने लगी। घास चरते हुए ही भैंस बोली, 'तुम्हारे ही मालिक ने मुझे भी खरीदा है। कल ही तो वो मुझे बाजार से लेकर आए हैं। अब मैं भी तुम्हारे साथ यह जगह साझा करूंगी।'

यह सुनकर घोड़े को थोड़ी हैरत जरूर हुई। लेकिन वह उससे क्या कहे, इस सोच में पड़ गया। अपने मालिक पर भी उसे गुस्सा आ रहा था। जब उसे कुछ समझ न आया तो वह भारी आवाज में भैंस से बोला, 'दो-दो लात कर लो, जो जीता वह यहां रहेगा।' घोड़े को पता था कि उसकी लात के आगे भैंस टिक नहीं पाएगी। पहले तो भैंस ने उसकी बातों में कोई दिलचस्पी न ली, लेकिन जब यह देखा कि वह अभी वहीं खड़ा है तो उसने अपना सिर उठाया। गले की घंटी बज उठी। इत्मीनान से उसने घोड़े को देखा। फिर ठहरकर बोली, 'दो-दो सींग करो, जो जीता वह यहां रहेगा।' भैंस की बात सुनकर घोड़ा सकते में आ गया, क्योंकि घोड़े के तो सींग ही नहीं होती। कुछ देर के लिए सन्नाटा छा गया। घोड़ा और भैंस एक-दूसरे को देखते रहे।

तभी वहां पर एक काला सांप आ गया। वह फन फैलाकर फुफकार रहा था। घोड़े को देखकर बोला, 'मैं दो-दो दांत करूंगा। कल मैं तुम्हारे पैरों से कुचलते-कुचलते बच गया था, अब देखो तुम मेरी ताकत।'

सांप तेजी से रेंगता हुआ घोड़े के पैरों की तरफ लपका ही था, तभी भैंस ने अपनी सींग से उसे उठाकर हवा में उछाल दिया, बहुत दूर। भैंस के गले में पड़ी घंटी जोर से बज उठी और देर तक बजती रही।

घोड़े का दिल जोर-जोर से धड़क रहा था। थोड़ी दूर तक तो सांप हवा में दिखा फिर सबकी आंखों से ओझल हो गया। घोड़ा वहां खड़ा सोचता रह गया कि आखिर भैंस ने उसे बचाया क्यों?


उधर भैंस हरी-हरी घास चरने में फिर से मस्त हो गई। दो-दो लात और दो-दो सींग की बात भी उसी सांप के साथ चली गई थी। *

---

कहानी
अशोक वाधवाणी

मंदिर के बाहर जब सुभाष को अपनी चप्पल नहीं मिली तो उसने किसी दूसरे व्यक्ति की चप्पल पहन कर जाने की सोची, लेकिन उसके दोस्त आलोक ने रोका, बोला कि वह ऐसा ना करे, यह तो चोरी है। क्या सुभाष ने अपने दोस्त की बात मानी, क्या उसकी खोई चप्पल मिली?

# सही-गलत



सुभाष अपने दोस्त आलोक के साथ मंदिर में भगवान के दर्शन करके जब बाहर आया तो सीढ़ियों के पास रखी उसकी चप्पल गायब थी। सुभाष ने देखा उसकी चप्पल की जगह उसी तरह की डिजाइन और सेम साइज वाली दूसरी चप्पल पड़ी थी, सिर्फ उस चप्पल का कलर अलग था। सुभाष गुस्से से बोला, 'पता नहीं किसने मेरी चप्पल चुरा ली?'

सुभाष की बात सुनकर आलोक तुरंत बोला, 'मैंने तुमसे पहले ही कहा था कि चप्पल स्टैंड पर चप्पल रखते हैं। मैंने तो रखी लेकिन तुमने दो रुपए बचाने के चक्कर में मेरी बात नहीं मानी।'

'यार, जब देखो तब तुम मेरी खिंचाई ही करते रहते हो। यह अच्छी बात नहीं है।' सुभाष खीझे स्वर में बोला।

'तुम गलत बोल रहे हो। मैं हमेशा तुम्हारे हित के लिए ही बोलता हूं।' आलोक बोला।

आलोक की बात अनसुनी करते हुए सुभाष ने अपना इरादा बताया, 'छोड़ो यार! यहां रखी चप्पल को पहन कर अब चलता हूं।'

आलोक ने सुभाष को रोका, 'ऐसा ना करो। थोड़ी देर प्रतीक्षा करते हैं। हो सकता है कोई हड़बड़ी में तुम्हारी चप्पल पहन कर चला गया हो और बदलने के लिए कुछ देर में लौट आए।'

'आलोक हर काम के लिए तुम्हारी रोक-टोक मुझे पसंद नहीं। मेरी बात मानना तुम सही नहीं समझते हो। आखिर तुम मेरे मित्र हो या शत्रु?' सुभाष के स्वर में नाराजगी थी।

आलोक ने अपने दोस्त सुभाष को फिर से समझाने की कोशिश की। उसने प्यार से समझाते हुए कहा, 'मैं तुम्हारा दोस्त हूं, शुभचिंतक हूं, इसलिए तुम्हें गलत काम करने से टोकता हूं। चलो, थोड़ी देर के लिए मान लेते हैं कि तुम्हारी चप्पल चोरी हो गई है। लेकिन उसके बदले में किसी और की चप्पल पहन कर चल देना, चोरी ही कहलाएगी।'

आलोक की इस बात के आगे सुभाष के पास कोई जवाब नहीं था। वह मन मारकर चप्पल ले जाने वाले की प्रतीक्षा करने लगा। थोड़ी देर बाद सुभाष ने देखा, एक नौजवान उसकी चप्पल पहने तेज कदमों से मंदिर की ओर आ रहा है। वहां रखी अपनी चप्पल पहचान कर खुश हुआ। वह सुभाष की चप्पल छोड़कर, अपनी चप्पल पहन कर चला गया।

आलोक ने मुस्कुराते हुए सुभाष की ओर देखा। उसके चेहरे पर शर्मिंदगी के भाव थे। *

---

## रंग भरो-169

**रंग भरो-169** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डिंपल, दुर्ग



दिशांत, महेंद्रगढ़



सानवी, रायपुर



प्रगति, बिलासपुर



चहक, ईमेल से



सौम्य, बालोद


### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

तेजस-रायपुर, वसनि-रायपुर, अंकित-दुर्ग, पूजा-महासमुंद, दीपक-मटियारी, कुशल-रोहतक, दीपा-गुना, छवि-करनाल, साकेत-बलौदा बाजार, कनिष्क-धमतरी, काव्या-बालोद, देवेन-भोपाल, राजन-दिल्ली, दिव्या-राजनांदगांव, कल्पित-बालोद

---

## रंग भरो 170

बच्चों, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक बच्चा ट्वॉय कार से खेल रहा है। चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### कंपनी के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**बावल।** औद्योगिक एरिया में चोर एक कंपनी के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में राजस्थान के कान्हड़का निवासी राहुल ने बताया कि वह एक कंपनी में नौकरी करता है। घर से बाइक लेकर वह ड्यूटी पर आया था। बाइक बाहर खड़ी करने के बाद वह ड्यूटी पर चला गया। जब वह कंपनी से बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद बाइक की तलाश शुरू कर दी। औद्योगिक एरिया में चोर बाइक चोरी की वारदातों को लगातार अंजाम दे रहे हैं।

### खेत के किनारे खड़ी बाइक उड़ा ले गए

**बावल।** जड़थल में चोर एक खेत के किनोर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में जड़थल निवासी सुमेर सिंह ने बताया कि वह अपने घर से बाइक लेकर खेत में काम करने के लिए गया था। उसने नंदरामपुर बास रोड के पास बाइक खेत के किनारे खड़ी की थी। करीब आधा घंटे बाद वह खेत से आया तो उसे बाइक नहीं मिली। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। कसोला पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### कॉलेज के लिए निकली महिला लापता

**कुंड।** थाना खोल क्षेत्र के एक गांव से अटेली कॉलेज के लिए निकली महिला लापता हो गई। पुलिस शिकायत में महिला के पति ने बताया कि वह एक कंपनी में नौकरी करता है। उसकी शादी गत वर्ष 23 अप्रैल को हुई थी। शादी के बाद भी उसकी पत्नी कॉलेज में अपनी पढ़ाई जारी रखे हुए है। वह 17 फरवरी को घर से कॉलेज के लिए निकली थी। शाम तक वापस नहीं आने पर उसने अपनी पत्नी की तलाश शुरू की। रिश्तेदारियों और दूसरे स्थानों पर पूछताछ करने के बाद भी उसकी पत्नी का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद महिला की तलाश शुरू कर दी।

### टैक्टर की बैट्री उड़ा ले गए चोर

**कुंड।** बलवाड़ी गांव में रात के समय चोर एक टैक्टर की बैट्री चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में ज्ञानचंद ने बताया कि उसने अपना टैक्टर गांव की धर्मशाला के सामने खड़ा किया हुआ था। सुबह जब वह टैक्टर स्टार्ट करने लगा तो ट्रैक्टर स्टार्ट नहीं हुआ। टैक्टर की बैट्री गायब थी। आसपास पूछताछ करने पर भी बैट्री का कोई पता नहीं चला। इससे पूर्व भी एरिया में बैट्री चोरी की वारदात हो चुकी हैं। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद चोरी की जांच शुरू कर दी।

### महाकाल सेवा संस्था का भंडारा 26 को

**रेवाड़ी।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर 26 जनवरी को महाकाल सेवा संस्था की ओर से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। संस्था के उपाध्यक्ष जितेन्द्र और सचिव नीरज कुमार ने बताया कि यह आयोजन राव तुलाराम पार्क के सामने नाईवाली चौक के पास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महाकाल सेवा संस्था समाज कल्याण के कार्य करती है। संस्था के पदाधिकारियों ने लोगों से भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

### शिवा स्कूल का वार्षिक महोत्सव 23 को

**कुंड।** डहीना के शिवा स्कूल का वार्षिक महोत्सव आगामी 23 फरवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अनिल यादव होंगे। इसके अलावा हरियाणा लोक आयोग सदस्य ममता यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता वीर कुमार यादव, समाजसेवी वेदप्रकाश श्योरान, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी नसीब सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष वंदना पोपली, सरपंच पिंकी देवी डहीना व पूर्व सरपंच सतपाल यादव डहीना विशिष्ट अतिथि होंगे। स्कूल निदेशक सुरेन्द्र मुदगिल ने बताया की विद्यार्थी सांस्कृतिक व देशभक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे।

### महाशिवरात्रि के पर्व पर स्थापित की जाएंगी देवताओं की मूर्तियां

# कैलाशपुर में भव्य कलश यात्रा के साथ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू, सात दिन चलेगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वीरवार को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र सर्वदेव मंदिर कैलाशपुर यानि जाटूसाना की ढाणी में देवी-देवताओं की मूतियों की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में 201 महिलाओं ने भाग लिया। धार्मिक आयोजन से पूरा वातावरण श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत हो गया। दिव्य आयोजन ने सनातन धर्म की महिमा और सांस्कृतिक एकता को दर्शाया गया। कलश यात्रा का नेतृत्व पूर्व मिस इंडिया सायली भगत ने किया। इस मौके पर प्रसिद्ध मॉडल एवं फैशन डिजाइनर किन्नी प्रताप सिंह भी मौजूद थी। कैलाशपुर की महिलाओं ने आवश्यक पूजा-अर्चना के बाद सिर पर कलश धारण किए। कलश यात्रा में दिल्ली से आई कई ब्रिगेडियर और कर्नल की पत्नियों ने भी भाग लिया।





रेवाड़ी। कैलाशपुर में कलश यात्रा निकालते हुए महिलाएं तथा मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए अतिथि व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

मेजर डा. टीसी राव ने बताया कि वीरवार को मंदिर में जयपुर से देवी-देवताओं की मूर्तियां भी आ चुकी है। वियतनामी पत्थर से निर्मित इन मूर्तियों को भारत के प्रसिद्ध मूर्तिकारों ने उकेरा है। मूर्ति आगमन के बाद एक भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। भगवान श्री राम-सीता, राधा-कृष्ण और भगवान शिव की मूर्तियों को तीन अलग-अलग सुसज्जित बग्गियों में विराजमान किया गया। शोभायात्रा में बैंड द्वारा बजाई गई भगवान शिव और भगवान श्री राम के भजनों से वातावरण अत्यंत आध्यात्मिक और भक्तिमय हो गया। ग्रामीणों ने फूल बरसाकर इस अलौकिक शोभायात्रा में भाग लिया। इस अवसर पर कमलेश राव, नवनीत प्रताप सिंह, नवदीप प्रताप सिंह, सुरेंद्र यादव व रविन्द्र ने पूरा सहयोग दिया।

गांव कैलाशपुर स्थित मंदिर में आठ अलग-अलग देवताओं राम दरबार, राधा-कृष्ण, मां दुर्गा, महाराज गणेश जी, बाबा मुक्तेश्वरपुरी, माता शीतला, भैरव बाबा व नवग्रह की भव्य प्राण प्रतिष्ठा 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के पर्व पर की जाएगी। कार्यक्रम का नेतृत्व ग्रामीण उत्थान-भारत निर्माण के संयोजक डा. टीसी राव कर रहे है। एक सप्ताह चलने वाले कार्यक्रम में 21 से 25 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह पूजा और श्लोकों का उच्चारण किया जाएगा।

26 फरवरी को सुबह 9 बजे अनेक संतों की उपस्थिति में अंतिम प्राण प्रतिष्ठा और लोकार्पण संपन्न होगा। इसी दिन 11:30 बजे से 5:30 बजे तक कबड्डी और कुश्ती जैसे खेलों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर शाम 6 बजे से 7 बजे तक वीरगाथा रेजांगला के युद्ध पर आधारित एकांकी नाटक का मंचन किया जाएगा तथा श्री कृष्ण रासलीला के कलाकारों का सम्मान किया जाएगा।



रेवाड़ी। बच्चों के दांतों की जांच करती डेंटल सर्जन डॉ. दीक्षा। फोटो : हरिभूमि

## लिलोढ़ स्कूल में बच्चों की हुई डेंटल फ्लोरोसिसिस जांच

**नाहड़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाहड़ की टीम ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला लिलोढ़ में दूसरे दिन विद्यार्थियों की डेंटल फ्लोरोसिस की जांच की। इस अवसर पर बच्चों को दांतों को स्वस्थ रखने के विशेष टिप्स भी दिए गए। टीम ने करबी 48 बच्चों के दांतों की जांच की। सीएचसी नाहड़ के एसएमओ डॉ. मनीष कुमार के निर्देशन में डेंटल सर्जन डॉ. दीक्षा ने बच्चों के दांतों की जांच की। डॉ. दीक्षा ने बताया कि छठी, सातवीं, आठवीं व दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों में ज्यादा फ्लोरोसिस पाया गया था, जबकि छोटे बच्चों में फ्लोरोसिस कम है। उन्होंने बताया कि फ्लोरोसिस एक ऐसी बीमारी है,जिसका असर मुख्य रूप से दांतों हड्डियों तथा जोड़ों पर पड़ता है। यह बीमारी अधिक फ्लोराइड युक्त पानी तथा खाद्य पदार्थों के सेवन से होती है। इससे दांतों में पीलापन भी आ जाता है। हमें बोरिंग वाले पानी की बजाय सप्लाई वाला पानी प्रयोग करना चाहिए।

## बालावास अहीर में ग्रामीणों को दी कानूनी अधिकारों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अमित वर्मा के मार्गदर्शन में वीरवार को विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर गांव बालावास अहीर में कानूनी जागरूकता एवं सामाजिक मुद्दों के समाधान के लिए शिविर का आयोजन किया गया।




रेवाड़ी। शिविर में मौजूद एडवोकेट व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

इस अवसर पर अधिवक्ता विक्की विज एवं प्रदीप कुमार स्वयं विधिक सेवक एवं समाज कल्याण विभाग से रोशन उपस्थित थे। अधिवक्ता विकी विज ने ग्रामीणों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न स्कीमों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि सभी अनुसूचित जाति, जनजाति, महिलाओं, बच्चों व 3 लाख से कम आय वालों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मुफ्त कानूनी सहायता दी जाती हैं।

उन्होंने बताया कि कानूनी सहायता के लिए 15100 टोल फ्री नंबर जारी किया गया है, जिस पर फोन के माध्यम से कानूनी सहायता का लाभ उठा सकते हैं। शिविर में समाज कल्याण विभाग से रोशन ने वृद्धा पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना व निराश्रित बच्चों को वित्तीय सहायता का लाभ दिए जाने के बारे जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सरपंच कविता, वर्कर मुकेश, योगिता, बीना देवी, पवित्र, सुमित्रा, बसंती, धनपति तथा गीता देवी उपस्थित रही।




रेवाड़ी। लोगों की शिकायतें सुनते डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

## डीसी ने नप अधिकारियों को दिए सरकुलर रोड की नियमित साफ सफाई करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों व समस्याओं को सुना। डीसी ने सुनवाई करते हुए गांव बुडौली में अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को सरकुलर रोड की नियमित साफ सफाई करने के भी निर्देश दिए। शिविर में गांव खिजूरी निवासी ओमप्रकाश की दिव्यांग पेंशन बनाने की कार्यवाही मौके पर ही पूरी की गई। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन का हर संभव प्रयास रहता है कि समाधान शिविर में प्राप्त हो रही प्रत्येक शिकायत का मौके पर समाधान किया जाए। इस अवसर पर एडीसी अनुपमा अंजलि, डीएमसी राहुल मोदी, एसडीएम सुरेंद्र सिंह व डीडीपीओ नरेंद्र सारवान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राज स्कूल में सात दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राज इंटरनेशनल स्कूल में सात दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा तीसरी से आठवी तक के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन राजेन्द्र सैनी ने किया।

प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट और पदक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल निदेशक नवीन सैनी, जितेंद्र सैनी, हेमंत सैनी व प्राचार्य कुलदीप सिंह उपस्थित थे। इस मौके पर निदेशक नवीन सैनी ने कहा कि स्कूल में समय-समय पर खेल प्रतियोगिताएं कराई जाती है। उन्होंने कहा कि बैडमिंटन खेलने से मांसपेशियां मजबूत होती हैं व एकाग्रता बढ़ती है। प्रतियोगिता का आयोजन कोच प्रवीण के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अन्य कोच व शिक्षक भी मौजूद थे।




रेवाड़ी। बैडमिंटन के विजेता निदेशकव शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## पुलिस ने चलाया स्पेशल अभियान

### नाकाबंदी कर की वाहनों की जांच

**नारनौल।** पुलिस की ओर से किसी भी आपात स्थिति से निपटने, अपराध को अंजाम देकर भागने वाले अपराधी को पकड़ने व अपराधों की रोकथाम हेतु तुरंत कार्रवाई के लिए सीलिंग प्लान के तहत जिले विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर चैकिंग की गई। चैकिंग पार्टियों ने वाहनों को चैक कर बिना कागजात वाले वाहन चालकों के चालान किए। पुलिस ने बुधवार देर शाम जिलेभर में स्पेशल चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने वाहनों की सघनता से चैकिंग की और अधूरे कागजात वाले वाहन चालकों, बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों का चालान किया। सीलिंग प्लान के तहत पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर चैकिंग लगाकर वाहनों को चैक किया। इस दौरान पुलिस ने वाहन के पेपर, चालक का डीएल, नंबर प्लेट व वाहनों की डिग्गी आदि की चैकिंग की। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देश पर चलाए गए स्पेशल चैकिंग अभियान में पुलिस ने मुख्य सड़कों के अलावा प्रमुख चौराहों पर वाहनों की जांच की।

## न्यूज डायरी

### चीताडूंगरा में महाशिवरात्रि पर्व पर मेला 26 को

**कुंड।** खंड खोल के गांव चीताडूंगरा में शिव मेला कमेटी व ग्रामवासियों की ओर से आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर मेले का आयोजन किया जाएगा। समिति के प्रवक्ता ने बताया कि इस मौंके पर देशी घी के भंडारे व खेल प्रतियोगिताओ का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी ओमप्रकाश यादव व विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पार्षद आजाद सिंह नांधा होंगे। खेल प्रतियोगिता में प्रो कबड्डी, बुजुर्गो की दौड़, ऊंची कूद, लम्बी कूद, 400 मीटर व 1000 मीटर दौड़, 51 रुपए से लेकर 11 हजार रुपये तक की कुश्ती व मटका दौड़ कराई जाएगी। प्रो कबड्डी में प्रथम इनाम 41 हजार, द्वितीय 25 हजार, तीसरा 7100 रुपये व चौथा इनाम 5100 रुपये होगा।

### कैंटर की टक्कर से कार सवार तीन लोग घायल

**धारूहेड़ा।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर एक कार शोरूम के पास कैंटर की टक्कर से कार सवार दंपति सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के कार कैंटर चालक की तलाश शुरू कर दी। एमपी के गौरेया निवासी मोहनलाल गोयंका अपनी पत्नी हेमा के साथ नोएडा अपने बड़े बेटे आशीष गोयंका के पास आया हुआ था। वहां से मोहनलाल, हेमा, आशीष व छोटा बेटा आकाश कार लेकर राजस्थान के खाटूश्यामजी के लिए रवाना हुए थे। धारूहेड़ा पार करते ही एक तेज रफ्तार कैंटर ने कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में आकाश को छोड़कर अन्य तीनों घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें कार से निकालकर मानेसर अस्पताल पहुंचाया। बाद में घायल उपचार के लिए अन्य अस्पताल चले गए। कैंटर चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मोहनलाल के बयान पर कैंटर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### मंगलेश्वर से लापता युवक का नहर में मिला शव



**बावल।** क्षेत्र के गांव मंगलेश्वर से लापता युवक का शव संदिग्ध हालत में नहर में मिला है। बावल थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे मे लेकर बावल सीएचसी के शवगृह में रखवा कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी हैं। मंगलेश्वर निवासी ओमबीर ने बताया कि उसका भतीजा रोहित 17 फरवरी को लापता हो गया था, जिसकी शिकायत बावल थाने में दी गई थी। वीरवार को गांव खेड़ा मुरार नहर में उसका शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवाया हैं। 24 वर्षीय मृतक रोहित मानसिक रूप से परेशान था।

**कार्रवाई** व्यापारी कई दिनों से शहर से बाहर बताया जा रहा, बना चर्चा का विषय

## घी व चीनी व्यापारी के प्रतिष्ठान व मकान पर इनकम टैक्स की रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर में घी एवं चीनी व्यापारी के वीरवार सुबह इनकम टैक्स की रेड पड़ी है। रेड करने वाले इनकम टैक्स के अधिकारियों ने अनाज मंडी में स्थित प्रतिष्ठान व मोहल्ला गुरूनानकपुरा में बड़े गुरूदारे के ठीक पीछे बने मकान में पहुंचे और दिनभर छानबीन की। समाचार लिखे जाने तक शाम सात बजे तक भी इनकम टैक्स की यह टीम अपनी कार्रवाई में जुटी हुई थी।



नारनौल। मकान के बाहर तैनात बीएसएफ जवान। फोटो : हरिभूमि

जानकारी के मुताबिक वीरवार सुबह करीब आठ बजे चार गाड़ी अनाज मंडी पहुंची। बताया जा रहा है इसमें पंचकूला से इनकम टैक्स से जुड़े आठ से 10 अधिकारी और चार से पांच बीएसएफ जवान भी थे। उस वक्त दर्शनलाल अशोक कुमार फर्म की यह घी व चीनी की दुकान बंद थी। यह दृश्य देख इस टीम से दो गाड़ी मोहल्ला गुरूनानकपुरा में बड़े गुरूद्धारे के ठीक पीछे बने मकान पर सुबह करीब साढ़े आठ बजे पहुंची। मकान के बाहर बीएसएफ जवान को तैनात कर दिया गया। अंदर इनकम टैक्स की टीम गई। उस वक्त फर्म संचालक नहीं था। परिजन बताएं जा रहे है। इस रेड की सूचना मिलने के बाद सिटी पुलिस मौके पर पहुंची और सुरक्षा व्यवस्था मुहैया करवाने की बात कही गई। इस तरह सुबह से लेकर शाम तक टीम कार्रवाई में जुटी रही। शाम सात बजे भी यह टीम जुटी हुई थी। इस रेड की चर्चा जब शहर में फैली तो लोगों का जमावड़ा लग गया। लेकिन मकान व दुकान के बाहर तैनात बीएसएफ जवान की सख्ताई के आगे लोग रूक नहीं सके। वहीं दुकान व मकान के आस पड़ोस में रहने वाले लोगों का कहना था कि व्यापारी कई दिनों से नारनौल शहर में नहीं है। इस व्यापारी का व्यापार छत्तीसगढ़ व दिल्ली में भी है। लोगों के अनुसार हितैष मदान कई दिनों से फर्म व मकान पर भी दिखाई नहीं दिया है। जब इस संबंध में रेड मारने आई टीम सदस्यों से बातचीत करनी चाही तो उन्होंने कुछ भी जानकारी देने से साफ इनकार कर दिया।

**ग्राम पंचायत मूसेपुर (रेवाड़ी)**
**ब्लॉक जाटूसाना, जिला रेवाड़ी, मो. 9467838899**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत मूसेपुर खण्ड जाटुसाना, जिला रेवाड़ी द्वारा Door to Door Garbage Collection and Segregation का कार्य करवाया जाना है। इच्छुक फर्म / वेंडर दिनांक 25.02.2025 तक अपनी कुटेशन सीलबंद लिफाफे में ग्राम पंचायत मूसेपुर के नाम भेज सकते हैं। जिस पर Door to Door Garbage Collection and Segregation लिखा होना अनिवार्य है। प्राप्त कुटेशन का अवलोकन दिनांक 27 फरवरी 2025 को प्रातः 10:00 बजे ग्राम पंचायत मूसेपुर कार्यालय में कमेटी के समक्ष किया जाएगा।

हस्ता/- सरपंच, ग्राम पंचायत मूसेपुर,
खण्ड जाटुसाना (रेवाड़ी)

## खबर संक्षेप



### बाइक चोरी करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** बावल थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला झज्जर के गांव हुमायुंपुर निवासी कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। मोहल्ला हसनपुरा बावल निवासी रूद्र कुमार ने गत 1 फरवरी रात को अपनी बाइक को रूप प्लेस बावल के सामने खड़ी की थी, जिसे कोई व्यक्ति चोरी करके ले गया है। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



### परिचित बनकर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस ने परिचित बनकर 30 हजार रुपए ट्रांसफर कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला नूंह के गांव पापड़ा निवासी अजरूद्दीन के रूप में हुई है। गांव बुडौली निवासी प्रवीण ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसके पास 20 जनवरी 2023 को किसी परिचित का फोन आया था की उसकी मौसी का लड़का फौज में है। वह आपके खाते में रुपए डाल देगा। इसके बाद उसने फोन-पे पर 30 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए।

### श्री श्याम बाबा का जागरण एवं भंडारा 22 को

**कुंड।** खंड खोल के गांव खालेटा के श्री श्याम मंदिर में आगामी 22 फरवरी को श्री श्याम बाबा का जागरण एवं भंडारा आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खोल पंचायत समिति चेयरमैन गोमती पंवार होंगी। भगत हरिकिशन ने बताया कि 19 फरवरी को 11 कुंडीय हवन यज्ञ होगा, 21 फरवरी को मूर्ति स्थापना व सुबह के समय कलश यात्रा निकाली जाएगी। 22 फरवरी को जागरण व भंडारा होगा। जागरण में प्रसिद्ध लोक गायक कलाकार अमित चौधरी की पार्टी बाबा की महिमा का गुणगान करेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

### आज भी आसमान में छाए रह सकते हैं बादल

# तेज आंधी के साथ हल्की बरसात फसलों को तीन एमएम की डोज

- अगले सप्ताह फिर बूंदाबांदी की संभावना : मौसम विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

बुधवार देर सायं जिले में हुई औसत 3 एमएम तक बरसात से फसलों को काफी फायदा मिला है। तेज आंधी के साथ बरसात के बाद दिन के तापमान में मामूली गिरावट आई है। रात का तापमान बढ़ गया है। अगले सप्ताह एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। 21 फरवरी को भी आसमान में बादल छाए रह सकते हैं। रात के समय आंधी के कारण लगभग एक दर्जन फीडर ब्रेक डाउन हो गए, जिन्हें बाद में चलाया गया।

फरवरी माह के दूसरे पखवाड़े में तापमान बढ़ने के बाद मौसम में बुधवार को बदलाव आ गया था। शाम के समय आसमान में गहरे बादल छा गए थे। देर सायं तेज आंधी के साथ बरसात शुरू हुई, जो देर रात तक चलती रही। औसत 3 एमएम तक बरसात दर्ज की गई। वीरवार सुबह 8 बजे तक रेवाड़ी खंड में सर्वाधिक 6 एमएम और कोसली खंड में सबसे कम 0.5 एमएम बरसात दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 1.5 डिग्री की कमी के साथ 26.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 13.5 डिग्री पर पहुंच गया। देर रात तक तेज हवाएं चलती रहीं, परंतु इससे फसलों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। दिन में सुबह के समय 30 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलती रहीं। इसके बाद आसमान साफ हो गया। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को भी आसमान में बादल छाने के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। इसके बाद मौसम साफ हो जाएगा। अगले सप्ताह एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।




रेवाड़ी। एक खेत में लहलहाती गेहूं की फसल तथा बुधवार रात बरसात से बावल रोड पर जमा पानी। फोटो : हरिभूमि

#### फसलों के लिए टॉनिक का काम

इस समय सरसों की अगेती फसल पकाव की ओर है, जबकि पछेती सरसों और गेहूं की फसल में दाना बन रहा है। कृषि विशेषज्ञ डा. दीपक यादव के अनुसार इस बरसात से दोनों फसलों को काफी फायदा हुआ है। बारिश के कारण फसलों में लगने वाले रोग भी धुल गए हैं। खासकर गेहूं की फसल को अच्छा फायदा मिला है। दाना नहीं बनने के कारण फसल तेज हवा के बावजूद जमीन पर नहीं गिरी है। अभी तक मौसम दोनों फसलों के लिए अनुकूल साबित हुआ है। आने वाले दिनों में ओलावृष्टि की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा है, जिस कारण किसानों की टेंशन खत्म नहीं हुई है।

#### कई गांवों में बिजली रही बाधित

रात को तेज आंधी के साथ आई बरसात से कई पावर सब स्टेशनों के फीडर बंद हो गए। इससे तीन दर्जन से अधिक गांवों में रात भर अंधेरा छाया रहा। कई फीडर फॉल्ट भी हो गए। वीरवार सुबह इन फीडरों की लाइनों को चेक करने के बाद ही बिजली आपूर्ति बहाल की गई। कुछ गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल होने में घंटों तक समय लग गया। कुछ गांवों में पेड़ टूटने की सूचना भी मिली है, परंतु इससे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। फीडर बंद होने के कारण लगभग 30 लाख यूनिट बिजली सरप्लस हो गई।

#### विभिन्न खंडों में हुई बरसात

| | |
|---|---|
| रेवाड़ी | 6 एमएम |
| मनेठी | 5 एमएम |
| पाल्हावास | 3 एमएम |
| धारूहेड़ा | 2 एमएम |
| डहीना | 1 एमएम |
| बावल | 2 एमएम |
| कोसली | 0.5 एमएम |
| नाहड़ | 1 एमएम |



रेवाड़ी। डा. रवींद्र बलियाला को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

## मांगों को लेकर अजा आयोग के अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**खास बातें**

- भगतसिंह सांभरिया सहित सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को लेकर हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डा. रवींद्र बलियाला को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सेवा स्तंभ डा. बी आर अंबेडकर पार्क एवं लाइब्रेरी मॉडल टाउन के प्रधान भगतसिंह सांभरिया सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को लेकर हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डा. रवींद्र बलियाला को पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में ज्ञापन सौंपा। पी डब्ल्यू डी रेस्ट हाउस रेवाड़ी में हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष संस्था के पदाधिकारियों ने अनुसूचित जाति वर्ग के निर्धारित कोटे में से डीएससी वर्ग को शामिल न करके अलग से आरक्षण देने की मांग की। उन्होंने अनुसूचित जाति समाज के विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक जिला मुख्यालय पर प्री एग्जामिनेशन सेंटर खोलने की भी मांग की ताकि इस वर्ग के सभी बच्चों का शिक्षा का स्तर बढ़ सके।

**यह रहे मौजूद**

इस अवसर पर सेवा स्तंभ के महासचिव कांशी राम खींची, विधि सलाहकार राजकुमार जलवा, आर एस सांभरिया, बुधराम पंवार, आर पी मेहरा, लालसिंह, ईश्वर सिंह सुठानी, जगदीश डहीनवाल, वी डी मेहरा व धारा सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सिटी पुलिस ने वर्ष 2021 में नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके अन्य साथियों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस मामले में महेंद्रगढ़ के रसूलपुर निवासी प्रदीप को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

सती कॉलोनी निवासी रोहित सैनी ने एसपी को दर्ज शिकायत में बताया था कि उसका संपर्क महेंद्रगढ़ के गढ़ी निवासी अंकित से हुआ था। अंकित ने उसे पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर लगवाने का झांसा दिया था। अंकित ने बताया था कि उसकी अच्छी पहुंच होने के कारण वह उसे 10 लाख रुपये में नौकरी लगवा देगा। वह खुद इज्जर डीसी ऑफिस में लगा हुआ है, जबकि उसके साथ नौकरी लगवाने वाले कई लोगों का गुरप जुड़ा हुआ है। रोहित ने बताया कि उसने अंकित को तुरंत 1.25 लाख रुपये नकद दिए, जबकि 55 हजार रुपये उसके खाते में ट्रांसफर कर दिए। उसने पूरे पैसे मिलने पर नौकरी लगवाने की बात कही। अंकित ने बाद में उसके पास प्रवीन को भेजा, जो उसके घर से पैसे ले गया। अंकित ने बताया कि अभी नौकरियों पर रोक लगी हुई है। रोक हटते ही उसे नौकरी लगवा दिया जाएगा।

इसके बाद उसे आयकर विभाग में नौकरी दिलाने का आश्वासन देकर कानपुर बुलाया गया। कई अन्य युवक भी अंकित के साथ मिले हुए थे। उसे ज्वाइनिंग लेटर दिलाने के नाम पर भी पैसे वसूले गए। लगभग 13 लाख रुपये की ठगी की गई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 5 अक्टूबर 2023 को केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी अंकित को गिरफ्तार कर लिया। उसके दूसरे साथियों की तलाश की जा रही है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का मुख्य आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### बंद मकान का ताला तोड़ नकदी व जेवरात चोरी

**रेवाड़ी।** शांति नगर में चोर एक मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। सिटी पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में नवीन कुमार ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ मौसी से मिलने के लिए नारनौल के मिर्जापुर बाछौद गया हुआ था। जब वह वापस आया तो मकान के गेट का ताला टूटा हुआ था। गेट का कुंदा भी तोड़ा हुआ था। मकान के अंदर जाने पर सारा सामान बिखरा हुआ मिला। चोर मकान के कमरे में रखी अलमारी से 30 हजार रुपये व लगभग 2 लाख रुपये के आभूषण चोरी कर ले गए। पड़ोस के लोगों से पूछताछ करने के बाद भी चोरों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। उसकी शिकायत पर सिटी पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया।

## समाज को शिक्षित करने में राव बिरेन्द्र सिंह का अतुलनीय योगदान: प्रो. हंसराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

वीरवार को अहीर कॉलेज के निदेशक प्रो. हंसराज ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री राव बिरेन्द्र सिंह के जन्म दिवस पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रो. हंसराज ने कहा कि राव बिरेन्द्र सिंह ने इलाके की एकता बनाए रखने के साथ-साथ, शिक्षण संस्थाओं को स्वस्थ वातावरण प्रदान किया।

उन्होंने दक्षिण हरियाणा में अहीर कॉलेज, राव बिरेन्द्र सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन व भगवत भक्ति आश्रम सहित अनेक शिक्षण संस्थाओं की स्थापना कर शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया। राव बिरेन्द्र सिंह अविभाजित पंजाब सरकार के मंत्रीमंडल के मंत्री के रूप में हिंदी भाषी क्षेत्रों के हितों के लिए सक्रिय रहे। साथ ही जनता की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा किया। उन्होंने कहा कि समाजसेवा को समर्पित राव बीरेंद्र सिंह ने सदैव देश भलाई और प्रगति के लिए कार्य किया। केंद्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री रहते हुए भी उन्होंने सदैव सादगी व ईमानदारी भरा जीवन व्यतीत किया। समाज को शिक्षित करने में भी उनका अतुलनीय योगदान रहा।



रेवाड़ी। राव बिरेन्द्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## किन्नर गुटों में फिर टकराव

**रेवाड़ी।** सीमा विवाद को लेकर किन्नरों के दो गुटों में एक बार फिर टकराव शुरू हो गया है।

डोहकी गांव में बधाई मांगने गए किन्नरों के साथ दूसरे गुट के लोगों ने मारपीट कर दी। सदर थाना पुलिस ने कई किन्नरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इससे पूर्व तीन बार दोनों गुटों के बीच संघर्ष हो चुका है। कोर्ट में मामले विचाराधीन हैं। सदर थाना पुलिस को दर्ज कराए बयान में इंद्रा कॉलोनी निवासी किन्नर मोनिका ने बताया कि वह अपने साथियों को लेकर डोहकी गांव में बधाई लेने के लिए गई थी। उसने आरोप लगाया कि किन्नर रुकसार ने अपने अन्य साथी किन्नरों के साथ आकर उनकी गाड़ी के आगे गाड़ी लगाकर रुकवा लिया। उसके व अन्य किन्नरों के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। झगड़े में वह उसके तीन साथी घायल हो गए। आसपास के लोगों ने बचाव कराते हुए उन्हें अस्पताल में पहुंचाया। उसने बताया कि रुकसार के साथ पहले भी उनका कई बार झगड़ा हो चुका है, जिनके मामले कोर्ट में चल रहे हैं।

## दुग्ध प्रतियोगिता में प्रथम रही नेहरूगढ़ के सतीश की गाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़

राजकीय पशु चिकित्सालय नेहरूगढ़ में चल रही तीन दिवसीय हरियाणा नस्ल की देसी गायों की दुग्ध प्रतियोगिता का वीरवार को समापन किया गया। दुग्ध प्रतियोगिता के आयोजक डॉ अरुण कुमार जैन पशु चिकित्सक नेहरूगढ़ ने बताया कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से चलाई जा रही गो संवर्धन स्कीम के तहत गांव नेहरूगढ़ के सतीश तथा सचिन की हरियाणा नस्ल की दो गायों ने भाग लिया, जिसमें सतीश की गाय 12.713 किलोग्राम दूध देकर प्रथम रही। विजेता को 25000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। सचिन की गाय ने 10.281 किलोग्राम दूध देकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और 20000 रुपये की इनाम राशि जीती।



रेवाड़ी। पशु चिकित्सालय विजेता गाय के साथ टीम।

#### पशुओं की बीमारियों की दी जानकारी

इस मौके पर डॉ अरुण जैन ने पशुपालकों को पशुओं में होने वाली संक्रमित बीमारियों के कारण, बचाव के तरीकों तथा उपचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये बीमारियां गायों व भैसों को संक्रमित करती है, जिससे पशुओं का शरीर व दुग्ध उत्पादन प्रभावित होता है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग कोसली के उप मंडल अधिकारी डॉ राजबीर सिंह ने पशुपालकों को विभाग की विभिन्न स्कीमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ उपेंद्र, नितिन वीएलडीए, रवि व पुष्पेन्द्र व गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## आज से गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज पाली में सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राजकीय महिला महाविद्यालय पाली की ओर से 21 व 22 फरवरी को राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के सहयोग से आयोजित यह सेमिनार कला, कलाकृति और कलाकार, उत्तर भारतीय लोकनाट्य की सामाजिक एवं ऐतिहासिक विवेचना विषय पर केंद्रित होगा। सेमिनार को उद्देश्य देश भर के विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं व छात्रों को एक मंच पर लाकर ज्ञान और अनुभव का आदान-प्रदान करना है। सेमिनार में मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के कुलपति प्रोफेसर जयप्रकाश यादव, मुख्य वक्ता प्रोफेसर हेमेंद्र चंडालिया, प्रोफेसर सतीश हरित व प्रोफेसर सुधीर आर्या सहित अन्य विशेषज्ञ उपस्थित होंगे। सेमिनार का आयोजन कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की ओर से किया जा रहा है। कॉलेज के प्राचार्य डा. करण सिंह यादव सेमिनार में आयोजक और अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डा. ज्योति यादव सह आयोजक की भूमिका में रहेंगी। विभिन्न सत्रों में आयोजित होने वाले सेमिनार में विषय विशेषज्ञ अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।



रेवाड़ी। रीजनल सेंटर से स्वच्छता रैली निकालते विद्यार्थी।

## रीजनल सेंटर एनएसएस इकाई ने भगत फूल सिंह जयंती पर निकाली स्वच्छता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में वीरवार को भगत फूल सिंह जयंती के अवसर पर एनएसएस की ओर से स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण की देखभाल के प्रति जागरूक करना था। रैली में छात्रों, शिक्षकों और एनएसएस इकाई-15 के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने बैनर लेकर स्वच्छता के नारे लगाए और ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने भगत फूल सिंह के समाज और शिक्षा में योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता रखना सभी की जिम्मेदारी है और इसे अपनाकर हम समाज में बदलाव ला सकते हैं। कार्यक्रम में सभी ने अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम में डा. यशपाल शर्मा, डा. अनिल कुमार यादव, डा. अंजलि यादव, ज्योति, सनीता यादव, युद्धवीर, निर्मला यादव, सुशीला, आनंद प्रकाश व रविन्द्र ने सहयोग दिया।

**वार्षिक सम्मेलन** रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने किया आयोजन

## पेंशनर्स का वार्षिक सम्मेलन आयोजित रिटायर्ड रेलकर्मियों का हुआ सम्मान

- डॉ आनंद तवर ने पेंशनर्स की सभी मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेलवे स्टेशन मॉल गोदाम के पीछे रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश दहिया ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेलवे अस्पताल से डॉ आनंद तवर थे। एसोसिएशन सचिव उदय सिंह ने बताया कि संगठन 1995 से वार्षिक उत्सव मना रहा है। कार्यक्रम में 70 वर्ष से अधिक के पेंशनर्स को सम्मानित किया गया, जिनमें वीर सिंह, वेद प्रकाश वशिष्ठ, बनवारी लाल, हरिओम शर्मा, रामनाथ, उदय सिंह, वीरेंद्र सिंह, फूल हजारी, शकुंतला देवी व मामन सिंह का शाल, छड़ी और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर वेद प्रकाश वशिष्ठ ने कहा कि सभी ने अपना पूरा जीवन रेलवे को समर्पित किया है और अब उम्र के आखरी पड़ाव में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेंशनर्स को इलाज के लिए पूरी सुविधाएं नहीं मिल रही है।

उन्होंने गृह क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने की मांग की। डॉ आनंद तवर ने पेंशनर्स की सभी मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दिया। प्रधान ओमप्रकाश दहिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर चंद्र सिंह रिटायर्ड सीटीआई व विष्णु दास रिटायर्ड स्टेशन अधीक्षक सहित अनेक रेलवे पेंशनर्स मौजूद थे।



महेंद्रगढ़। वार्षिक कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ लोग और अन्य। फोटो : हरिभूमि